**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देशभर में एक करोड़ से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ प्रतिज्ञा ली।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा लहराने का आह्वान किया ।
- हरियाणा के लगभग 50 लाख अंत्योदय परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने के लिए हर घर-हर गृहिणी योजना नामक पोर्टल जारी किया गया।
- गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आज जींद में किसानों के साथ प्राकृतिक खेती पर संवाद किया और प्राकृतिक खेती को किसानों के लिए लाभकारी बताया।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने

नई दिल्ली में शपथ दिलाई। इस वर्ष का  विषय विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र रखा गया है ।अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि अब तक 11 करोड़ लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, स्कूलों, महा-विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र संगठन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों के छात्रों और संकायों सहित देशभर से एक करोड़ से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया है।

............................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है,जान है और इसका सम्मान बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई हर घर तिरंगा मुहिम में भागीदारी करते हुए तिरंगा लहराने का आह्वान किया ।

श्री नायब सिंह सैनी आज कालका में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भारत माता की जय के उदघोषों के बीच तिरंगा यात्रा को रवाना किया। देशभक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा कालका मंडी से शुरू होकर श्री काली माता मंदिर में सम्पन्न हुई।  मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह दिन उन क्रांतिकारियों और वीर शहीदों को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने  भारत मां की रक्षा के लिए अपने प्राणों की

आहुति दी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, हरियाणा भी प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने में पीछे नहीं है । मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां' के नाम अभियान  का जिक्र भी किया और लोगों से आह्वान किया है कि वे जन्मदिन, वर्षगांठ या परिवार में अन्य खुशी के मौकों पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण भी करें।

................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाली तीज के पर्व पर जींद में लगभग 50 लाख अंत्योदय परिवारों को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देने की घोषणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसके लिए आज हर घर-हर गृहिणी योजना के नाम से आनलाइन पोर्टल जारी किया गया है। इस योजना से प्रदेश की बहनों को सालाना 1500 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता वर्ष में 12 सिलेंडर ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में कहा कि उनकी डबल इंजन की सरकार का उदेश्य गरीब और अंतिम व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर पर 500 रुपये अधिक खर्च होने वाली राशि हरियाणा सरकार वहन करेगी। उपभोक्ता के खाते में सब्सिडी का पैसा वापस डाल दिया जाएगा। इसकी सूचना उपभोक्ता के मोबाइल फोन पर एसएमएस के जरिये दी जाएगी।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि

उपभोक्ता घर बैठे ही एक बार ही https.//epds.haryanafood.gov.in लिंक पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

.......................................................................................

आज जींद में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कृषि विभाग द्वारा एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में किसानों से प्राकृतिक खेती पर संवाद किया।

उन्होंने कहा कि अबकी बार कृषि बजट में प्राकृतिक खेती के लिए अलग से प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री देश को विकसित भारत बनाना चाहते हैं।इसलिए किसानों की खुशहाली के लिए कारगर कदम उठा रहे हैं । उन्होने गत दिवस ही प्राकृतिक खेती के इस अभियान पर ट्वीट कर अपनी शुभकामनाएं भी दी है। राज्यपाल ने कहा कि वे किसानों को इस अभियान के बारे जागरूक करने के लिए हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों में भी गए हैं ।आचार्य देवव्रत ने कहा कि फसल अवशेषों के जलने से भी भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष को न जलाने का अनुरोध किया । खेती में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्याधिक प्रयोग के दुष्प्रभाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस कारण जमीन की उर्वरा शक्ति में भी कमी आई है । उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती जैविक खेती से भिन्न है ।

राज्यपाल ने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया।

.............................................................................

हरियाणा के परिवहन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अंबाला शहर में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिये एक विस्तृत योजना बनाई जा रही है ताकि शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलवाई जा सके। इसके साथ-साथ जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा अंबाला की दशमेश मार्किट, इन्द्रपुरी व जड़ौत मार्ग के नजदीक तूफ़ानी जल निकासी प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे आसपास के क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी में मदद मिलेगी। श्री गोयल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आज जलभराव ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहर 24 घंटे में 50 मिली मीटर बारिश झेलने का सामर्थ्य रखते हैं लेकिन अंबाला शहर में गत 24 घंटों में 250 मिली मीटर से ज्यादा बारिश होने के कारण कुछ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है।श्री गोयल ने कहा कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिये प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है ।उन्होंने बताया कि 48 पंपों के माध्यम से पानी की निकासी की जा रही है ।

.............................................................................

आज पंचकूला की परेड ग्राउन्ड में अंतराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित कई मान्यवरो ने भी कार्याक्रम में शिरकित की। । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ड्रोन दीदी, आई टी सक्षम योजना तथा कांट्रेक्टर सक्षम योजना का बटन दबाकर आगाज किया। उन्होंने राज्य

कौशल प्रतियोगिता, आईडियाथान के विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा 700 अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को एक लाख 11 हज़ार की राशि भी दी गई।उन्होंने कौशल विकास यात्रा को भी झंडी दिखाई।मुख्यमंत्री ने सभी को अंतराष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा  कि देश युवा शक्ति का कृतज्ञ है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद विश्व मे देश की पहचान बनाने में युवाओं का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई तीन योजनाएं युवाओं को  रोज़गार पाने में सक्षम करेंगी। इन योजनाओं के माध्यम से अत्याधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। युवा देश का कार्यबल है। इसलिए अब युवा पीढ़ी को सक्षम बनाकर गुलामी से उन्मुक्त किया जा रहा है।